प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
16.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

वॉकथॉन

राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में शुरू किए गए एंटी चिट्टा हिमाचल अभियान के तहत आज हमीरपुर में मैगा वॉकथॉन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में आयोजित इस जागरूकता वॉकथॉन में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इससे पहले उपस्थित लोगों को चिट्टे और मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ शपथ भी दिलाई।

हम हम अपने परिवार, अपने परिवार,दोस्तों, दोस्तों और समाज को और समाज को चिट्टे से,चित्ते से दूर रहने के लिए, दूर रहने के लिए,प्रेरित, प्रेरित करेंगे, करेंगे, हम हम संकल्प लेते हैं,संकल्प लेते हैं कि हिमाचल को कि हिमाचल को चिट्टा मुक्त,चिट्टा मुक्त बनाना है, बनाना है ।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल चिट्टे के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे जैसी बुराई के खिलाफ जागरूकता फैलाना और युवाओं को नशे से दूर रखना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

रोजगार विधेयक

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोकसभा में विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक 2025 पेश किया। यह विधेयक बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 का स्थान लेगा। विधेयक विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप एक आधुनिक वैधानिक ढांचा स्थापित करेगा। विधेयक के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के स्वेच्छा से अकुशल शारीरिक श्रम करने वाले वयस्क सदस्य को एक सौ 25 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा। विधेयक पेश करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम–मनरेगा पर 2 लाख 13 हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए थे जबकि मोदी सरकार ने इस योजना पर 8 लाख 53 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं।

विजय दिवस

राष्ट्र आज विजय दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनके साहस और बलिदान ने 1971 में ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित की। सोशल

मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि सैनिकों के साहस, वीरता और मातृभूमि के प्रति अद्वितीय समर्पण ने हमेशा देश को गौरवान्वित किया है। वीर सैनिकों के बलिदान को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनके दृढ़ संकल्प और निस्वार्थ सेवा ने राष्ट्र की रक्षा की व भारत के इतिहास में गौरव का एक क्षण अंकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सैनिकों की वीरता भारतीय पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। इधर प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार विदेशों में रोज़गार के लिए जाने वाले प्रदेश के युवाओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। धर्मशाला में आयोजित रोज़गार मेले के अवसर पर उन्होंने कहा कि अब युवाओं को विदेशों में रोज़गार के लिए भेजने की प्रक्रिया पूरी तरह सरकारी निगरानी, पारदर्शिता और जवाबदेही के दायरे में लाई जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी पर रोक लगाई जा सके।

कार्यशाला

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा सोलन के कुमारहट्टी स्थित होम्योपैथी कॉलेज में 6 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। 20 दिसंबर तक चलने वाली इस कार्यशाला में देशभर से होम्योपैथी विभाग के सैंकड़ों सदस्य भाग ले रहे हैं। हिमाचल प्रदेश होम्योपैथी बोर्ड के रजिस्ट्रार आशुतोष शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य होम्योपैथी पद्धति को और सुदृढ़ करना है।

मिनिस्ट्री ऑफ आयुष भारत सरकार की तरफ से ये जो एक मौका सोलन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज को इस छह दिवसीय कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन प्रोग्राम फैकल्टी मेंबर्स ऑफ होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजेस दिया गया है । जिसमें कि एक स्पेशल मॉड्यूल है ऑप्स्टटिक्स एंड गायनेकोलॉजी रोल ऑफ होम्योपैथी तो इसको करने का जो राष्ट्रीय स्तर पर मौका दिया गया है इसमें 12 स्टेट से डेलीगेट फैकल्टी मेंबर्स आए हुए हैं और जो कि 6 दिन तक बैठकर इस मामले में पढ़ाई करेंगे कि बच्चों को ऑब्स्टाइटिक्स और होम्योपैथी के फील्ड में कैसे आगे बढ़ाया जाए लेटेस्ट टेक्नोलॉजी लेटेस्ट इनोवेशंस और जो रिसर्च वर्क इस फील्ड में हुआ होगा, उसको शेयर करना, यहां से वो अपनी नॉलेज लेकर जाएंगे और बच्चों को आगे शेयर,

....